an>

Title: Need to expedite construction of ring road in Ranchi Parliamentary constituency, Jharkhand.

श्री राम टहल चौधरी (राँची): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र रांची में हो रहे रिंग रोड के निर्माण की धीमी गति की तरफ दिलाना चाहता हूँ। जैसा कि सभी जानते हैं कि रांची झारखण्ड की राजधानी है और यह झारखण्ड के दक्षिण झारखण्ड एंव उत्तरी झारखण्ड के बीचों बीच स्थित है। यहां से रोजाना हजारों की संख्या में वाहन निकलते हैं जिसके कारण आये दिन रांची शहर में जाम बना रहता है और वाहनों के रूक रूक कर जाने से रांची शहर का प्रदूषण समय के साथ बढ़ रहा है और भीड़-भाड़ होने से दुर्घटनाऐं होती हैं। रांची शहर से गुजरने में घंटो लग जाते हैं। इस रिंग रोड के निर्माण को पांच वर्ष पूर्व तैयार होना था, देरी से निर्माण होने की वजह से इसकी निर्माण लागत भी बढ़ती जा रही है। इसे पहले 156 करोड़ रूपये में तैयार होना था लेकिन देरी की वजह से 452 करोड़ रूपये खर्च करने होंगे। इस तरह से लागत में तिगुना वृद्धि हुई है।

मैं सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि रांची में निर्माणधीन रिंग रोड के कार्य में तेजी लाये जाये जिससे रांची की जनता को जाम से राहत मिल सके।